भगवान नित्यानन्द की पुण्यतिथि और
बाबा मुक्तानन्द के दिव्य दीक्षा दिवस के सम्मान में
सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा सिद्धयोग सत्संग

२५ जुलाई, २०२३

आत्मीय पाठक,

नमस्ते।

“गुरुपूर्णिमा का माह, कृतज्ञता से पूरित जीवन”—यह वह उक्ति है जिसे स्वामी ईश्वरानन्द ने गुरुपूर्णिमा माह के सम्मान में आयोजित सिद्धयोग सत्संग में कई बार दोहराया था और सिद्धयोग पथ का अनुसरण कर रहे सभी लोगों के मन में यह बार-बार गुंजायमान हो रही है।

गुरुपूर्णिमा माह के सम्मान में आयोजित सत्संग में भाग लेते समय हमने भगवान नित्यानन्द की चान्द्र पुण्यतिथि का भी सम्मान किया जो इस माह के आरम्भ में हो चुकी है। जल्द ही, हम ८ अगस्त को भगवान नित्यानन्द की सौर पुण्यतिथि का सम्मान करेंगे और १५ अगस्त को बाबा मुक्तानन्द का दिव्य दीक्षा दिवस मनाएँगे।

भगवान नित्यानन्द की पुण्यतिथि

आपमें से कई साधकों को याद होगा, वर्ष २०२० में Thanksgiving [‘थैन्क्स्गिविंग’] यानी कृतज्ञता अर्पण पर्व के दौरान सिद्धयोग वैश्विक हॉल में एक सत्संग आयोजित किया गया था जिसका शीर्षक था, ‘मन्दिर में एक दिन’। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि इस वर्ष, भगवान नित्यानन्द की पुण्यतिथि के अवसर पर एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन इसी तरह का एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

इसका सीधा वीडिओ प्रसारण शनिवार, ५ अगस्त को—पर्व से तीन दिन पूर्व आयोजित किया जाएगा, ताकि आपको इसमें भाग लेने में सुविधा हो। यह न्यूयॉर्क समयानुसार प्रातः ६:०० बजे आरम्भ होकर शाम ६:०० बजे तक चलेगा। इस दौरान किसी भी समय आप सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर आकर बड़े बाबा के दर्शन कर सकते हैं और उनके मन्दिर में सिद्धयोग के अभ्यास कर सकते हैं।

बाबा मुक्तानन्द का दिव्य दीक्षा दिवस

शनिवार, १२ अगस्त को एक बार पुनः हमारे पास वैश्विक हॉल में एकत्रित होने का सुअवसर होगा। बाबा मुक्तानन्द के दिव्य दीक्षा दिवस के सम्मान में एक सिद्धयोग सत्संग आयोजित होगा। यह सत्संग न्यूयॉर्क समयानुसार शाम ७:३० बजे से ८:३० बजे तक सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा आयोजित होगा। इस सत्संग में हम ‘ॐ नमः शिवाय’ की मन्त्र-धुन गाएँगे जो सिद्धयोग पथ का दीक्षा मन्त्र है और जिसे बाबा जी अपने भक्तों को प्रदान किया करते थे।

अगस्त : चमत्कारों का उपहार, दिव्य दीक्षा का उपहार। एक माह से दूसरे माह में क़दम रखते हुए, सिद्धयोग सत्संग की—सिद्धयोग पथ की—रूपान्तरणकारी शक्ति प्रकट है।

शुभकामनाओं सहित,

गौरी मौरर
विषय-वस्तु विभाग प्रमुख
एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन

© २०२३ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।